सूचना संख्या :2026/ 91

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
**CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY**
**Accredited with A++ Grade by NAAC**
**एकलव्य परिसर/EKALAVYA CAMPUS**
**सिपाई पारा, लेम्बुचेरा, पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा**
**SIPAI PARA, LEMBUCHERRA,**
**WEST TRIPURA**

दिनांक/Dated: 15/07/2026

## सूचना/Notice

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जो विद्यार्थी अभी तक नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, वे तत्काल प्रभाव से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार **छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य है।** यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति 75% से कम रहती है, तो उसे भविष्य में छात्रवृत्ति प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

जिन विद्यार्थियों की **प्रवेश शुल्क प्रक्रिया** अभी तक पूर्ण नहीं हुई है, वे बिना किसी विलम्ब के अपनी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। साथ ही, दिनांक **20 से 21 जुलाई 2026 को मुख्यालय से उच्च अधिकारीगण** परिसर का दौरा करेंगे। इस अवसर पर कक्षाओं का निरीक्षण (Inspection) भी किया जा सकता है।

**अतः सभी विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहें।**

- अपनी उपस्थिति (Attendance) सुनिश्चित करें।
- यदि प्रवेश शुल्क संबंधी कोई कार्य लंबित है, तो उसे तत्काल पूर्ण करें।
- सभी विद्यार्थी निर्धारित **ड्रेस कोड** में तथा अपना **पहचान-पत्र (ID Card) (प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को छोड़कर)** धारण कर परिसर में आएँ एवं परिसर में अनुशासन एवं शालीनता बनाए रखें।

कक्षा-अध्यापकों से भी निवेदन है कि जो विद्यार्थी बिना सूचना दिये निरन्तर 07 दिनों से कक्षा में अनुपस्थित हैं, उनका नाम विद्याशाखा संयोजक/अध्यक्ष के माध्यम से कार्यालय को सूचित करने का कष्ट करें।

15/7/2026

**(प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी)**
**निदेशक**

निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1. सभी विद्यार्थी, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
2. सह-निदेशक, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
3. समस्त विद्याशाखाध्यक्षों, समन्वयकों एवं प्राध्यापकों को सूचनार्थ।
4. सभी कक्षा-अध्यापकगण, के.सं.वि., एकलव्य परिसर।
5. समन्वयक आईक्यूएसी, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
6. छात्रावास वार्डन एवं उप- वार्डन (बालक एवं बालिका छात्रावास), के.सं.वि., एकलव्य परिसर।
7. तकनीकी सहायक, के. सं. वि., एकलव्य परिसर - वेबसाईट पर सूचना अपलोड करने हेतु।
8. सूचना फाइल।
9. सम्बन्धित संचिका।